<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 31/08/2024

थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा डकैती की योजना बना रहे 04 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गए सोने-चांदी के जेवरात व 01 अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद -

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ श्री हर्षित चौहान के पर्यवेक्षण में थाना लोनीकटरा पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर डकैती की योजना बना रहे 04 शातिर अभियुक्तगण 1. प्रदीप कुमार रावत पुत्र रामफेर, 2. संदीप कुमार रावत पुत्र मेवालाल निवासीगण ग्राम रबडहिया थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी, 3. राहुल पुत्र राजेश निवासी लखैचा थाना सतरिख जनपद बाराबंकी, 4. अजय कुमार पुत्र विशेषर निवासी ग्राम नेराकबूल पुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को आज दिनांक 31.08.2024 को ग्राम जरौली, अन्डर पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के सोने/चांदी के जेवरात व बर्तन बरामद किए गये। अभियुक्त प्रदीप उपरोक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध .315 बोर तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर मु0अ0सं0 297/2024 धारा 310(4)/ 310(5) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगण व उनके अन्य वांछित साथी 1. मोहित, 2.विपिन पुत्रगण शिवबक्श निवासीगण ग्राम रबडहिया थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी का एक गैंग है, जो रेकी करने के पश्चात घर को चिन्हित कर लेते है तत्पश्चात चोरी की घटना कारित करते हैं तथा प्राप्त रुपयों को आपस में बांट लेते हैं। अभियुक्तगण द्वारा थाना लोनीकटरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरैयाडीह तथा ग्राम रबडहिया में चोरी की घटनाएं कारित की गई थी, जिस सम्बन्ध में 1. मु0अ0सं0 293/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस, 2. मु0अ0सं0 295/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस व 3. मु0अ0सं0 296/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस पंजीकृत हैं तथा अभियुक्तगण को डकैती की योजना बनाते समय पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, अन्य वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. प्रदीप कुमार रावत पुत्र रामफेर निवासी रबड़हिया थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
2. संदीप कुमार रावत पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम रबडहिया थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
3. राहुल पुत्र राजेश निवासी लखैचा थाना सतरिख जनपद बाराबंकी
4. अजय कुमार पुत्र विशेषर निवासी ग्राम नेराकबूल पुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी

<u>बरामदगी-</u>

1. एक अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर मय जिन्दा कारतूस
2. तीन जोड़ी पायल
3. एक जोड़ी कान का झाला
4. एक अदद झुमकी
5. एक अदद नाक की नथ
6. दो अदद बाल्टी
7. बर्तन (थाली, लोटा, चम्मच)

<u>अनावरित अभियोग-</u>

1. मु0अ0सं0 293/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 295/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 296/2024 धारा 305(ए)/331(4) बी0एन0एस थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी

<u>पुलिस टीम-</u>

1. थानाध्यक्ष श्री दौमित्र सेन रावत थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री लालजी यादव, उ0नि0 संजय यादव थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 गनेश कुमार थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
4. का0 गौतम सिंह, का0 इमरान थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी
5. का0 जयसराज यादव, का0 शोभित द्विवेदी, का0 विकाश विश्वकर्मा थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी